There is no entry fee or bar on the number of entries an individual can send to participate in the contest. However, the participants must send each film separately with a duly filled-in entry form. The terms & conditions, along with the entry form, can be downloaded from the NHRC website: www.nhrc.nic.in or the link: Click here.

The film, a duly filled-in entry form, and other requisite documents may be sent using Google Drive at nhrcshortfilm[at]gmail[dot]com. Any queries may also be sent to this email address. (Source: PIB)

Insamachar

NHRC ने मानवाधिकारों पर 11वीं वार्षिक लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की

https://insamachar.com/nhrc-invites-entries-for-11th-annual-short-film-competition-on-human-rights/

Editor Posted on 14 मई 2025

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने मानवाधिकारों पर अपनी 11वीं वार्षिक लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। प्रविष्टियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2025 है। विजेता प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

आयोग द्वारा लघु फिल्म पुरस्कार योजना की शुरुआत 2015 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए भारतीय नागरिकों के सिनेमाई और रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना और मान्यता देना है, चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो। आयोग को देश के विभिन्न हिस्सों से पिछली सभी प्रतियोगिताओं में जबरदस्त रुचि देखने को मिली।

लघु फिल्में अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में हो सकती हैं, जिनमें अंग्रेजी में सबटाइटल होंगे। लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट और अधिकतम 10 मिनट होनी चाहिए। फिल्में डॉक्यूमेंट्री, वास्तविक कहानियों का नाट्य रूपांतरण या एनीमेशन सहित किसी भी तकनीकी प्रारूप में बनाई गई काल्पनिक कृति हो सकती हैं, जो निम्नलिखित विषयों पर आधारित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों के दायरे में हो:

- जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान का अधिकार
- बंधुआ और बाल श्रम, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित विशिष्ट मुद्दे
- बुजुर्ग व्यक्तियों की समस्याओं के संदर्भ में उनके अधिकार
- दिव्यांगजनों के अधिकार
- मैनुअल स्कैवेंजिंग, स्वास्थ्य सेवा का अधिकार
- मौलिक स्वतंत्रता के मुद्दे
- मानव तस्करी
- घरेलू हिंसा
- पुलिस अत्याचारों के कारण मानवाधिकारों का उल्लंघन
- हिरासत में हिंसा और यातना
- सामाजिक-आर्थिक असमानताएं
- खानाबदोश और गैर-अनुसूचित जनजातियों के अधिकार

• जेल सुधार

• शिक्षा का अधिकार

• पृथ्वी ग्रह पर जीवन को प्रभावित करने वाले पर्यावरणीय जोखिम सहित स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार

• काम का अधिकार

• कानून के समक्ष समानता का अधिकार

• भोजन और पोषण सुरक्षा का अधिकार

• एलजीबीटीक्यूआई इत्यादि के अधिकार

• मानव निर्मित या प्राकृतिक आपदा के कारण विस्थापन के परिणामस्वरूप मानवाधिकारों का उल्लंघन

• भारतीय विविधता में मानव अधिकारों और मूल्यों का जश्न

• जीवन और जीवन स्तर में सुधार लाने वाली विकास संबंधी पहल आदि।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा भेजी जा सकने वाली प्रविष्टियों की संख्या पर कोई प्रवेश शुल्क या प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, प्रतिभागियों को प्रत्येक फिल्म को विधिवत भरे हुए प्रविष्टि फार्म के साथ अलग से भेजना होगा। प्रविष्टि फॉर्म के साथ नियम और शर्तें एनएचआरसी की वेबसाइट: www.nhrc.nic.in या लिंक: यहां क्लिक करें से डाउनलोड की जा सकती हैं ।

फिल्म, विधिवत भरा हुआ प्रवेश फॉर्म और अन्य आवश्यक दस्तावेज Google Drive का उपयोग करके nhrcshortfilm[at]gmail[dot]com पर भेजे जा सकते हैं। कोई भी पूछताछ इस ईमेल पते पर भी भेजे जा सकते हैं।

Univarta

मानवाधिकार आयोग की लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

https://www.univarta.com/entries-invited-for-human-rights-commission-s-short-film-competition/india/news/3463734.html

भारत Posted at: May 14 2025 7:56PM

नयी दिल्ली, 14 मई (वार्ता) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने विभिन्न श्रेणियों में मानवाधिकारों पर श्रेष्ठ लघु फिल्मों को पुरस्कृत करने की 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की हैं। आयोग की बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रतिभागी आगामी 31 अगस्त तक प्रविष्टियां आयोग के विचार के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं। इन्हें आयोग की वेबसाइट के से प्रस्तुत किया जा सकता है।

Free Press Journal

Bhopal Rape And Blackmailing Case: NHRC Team Begins Probe, Flags Lapses In Police Investigation

Team visits pvt college, records victims' statement, reviews safety measures at the institute

https://www.freepressjournal.in/bhopal/bhopal-rape-and-blackmailing-case-nhrc-team-begins-probe-flags-lapses-in-police-investigation

Staff Reporter Updated: Wednesday, May 14, 2025, 10:07 PM IST

Bhopal (Madhya Pradesh): A three-member team of the National Human Rights Commission (NHRC), headed by Priyank Kanungo, begun its investigation into the rape and blackmailing of girl students of a private college, The case surfaced on April 18 and five people including the kingpin of the racket have been arrested.

On Wednesday, the team visited the college involved, and questioned the authorities regarding the case. The NHRC members also reviewed the safety measures taken by the management for students. The team also met some of the victims and recorded their statements.

Dissatisfied with the police investigation so far, the NHRC team has advised the officers to probe certain aspects of the case to help uncover the larger racket.

The NHRC team, which arrived on Tuesday, is expected to submit its report and recommendations after two days.

Speaking to media persons, Kanungo stated that the NHRC had received complaints that a group of Hindu girl students at the college were targeted, sexually abused, and forced into drug addiction. They were reportedly blackmailed with private videos and forced into religious conversions, he added.

The probe team member further said that some victims have come forward, but it is suspected that their number may cross a dozen. “Any other victim or citizen who wants to share information about the case may approach the NHRC team, the member said.

He further stressed the need for police to probe the funding sources of the accused, pointing that they were using expensive bikes and spending lavishly on the victims to lure them.

“The police should seize their bikes and trace the money trail to examine possibilities of money laundering and hawala transactions. It has also come to light that Club 90, located near the college, was a student hangout where drugs were used.

However, the police failed to collect evidence from its six cabins before they were demolished,” Kanungo said. Kanungo also raised questions on the role of local police for its failure to take action against the Club.

He also claimed that some locals were involved in college admissions in exchange for cash and influencing students.

NHRC team has included certain points in its two-day probe to present a clearer picture of the case, he said.

Notably, police have so far arrested five people in the case including the prime accused Farhan Khan and Ali while the sixth accused Abrar remains at large.

HANS INDIA, Online, 15.5.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

The Hans India

MP: Hindu girl students sexually exploited, says NHRC

https://www.thehansindia.com/news/national/mp-hindu-girl-students-sexually-exploited-says-nhrc-971156

IANS | 14 May 2025 5:08 PM IST

HIGHLIGHTS Member of the National Human Rights Commission (NHRC) Priyank Kanoongo said on Wednesday that Hindu girls were being deliberately targeted and sexually exploited in Bhopal.

Bhopal: Member of the National Human Rights Commission (NHRC) Priyank Kanoongo said on Wednesday that Hindu girls were being deliberately targeted and sexually exploited in Bhopal. Kanoongo's comments came against the backdrop of a high-profile racket of an alleged nexus of love jihad in Bhopal that was busted a few weeks ago, wherein nearly half a dozen girls students of a private engineering college complained that they were sexually exploited by a group of the Muslim community.

He informed that upon receiving information, a team of NHRC arrived in Bhopal to investigate the matter, adding that the NHRC team would carry out an investigation for two days in Bhopal. He said that half a dozen victims have complained, but the number of victims is expected to increase.

“NHRC would request the victims and their parents to come forward to lodge complaints, while their identity would not be revealed. We had received the complaint, and a preliminary investigation revealed that Hindu girl students were being targeted and were being sexually abused. The accused persons not only sexually exploited them but also videographed, served intoxication and forced them to convert their religion,” Kanoongo told IANS.

Kanoongo further stated that there are several aspects on which an investigation need to be done, adding that the NHRC team would make the entire thing very clear in the next two days.

Meanwhile, he also questioned on Bhopal Police, saying what surprising that the local area police station was located hardly 500 meters away from the college, but the police did not take any action.

"Crime was operating in the city, but the Bhopal Police was sitting quietly. I also have doubts that some evidences were destroyed by the police during their investigation. We will investigate it thoroughly and come out with a concrete report in the next two days," he added.

Notably, after the shocking incident came into the fore a few weeks ago, the Madhya Pradesh government set up a Special Investigation Team (SIT) of senior police officials to investigate the matter.

So far, five accused have been arrested for allegedly raping girl students by hiding their identities and blackmailing them by making videos.

The main accused in the case, Farhan Ali, was arrested on May 3 in Bhopal.

Navbharat Times

`हिंदू लड़कियों का जानबूझकर किया जा रहा शोषण', भोपाल लव जिहाद केस में जांच करने आई NHRC का बड़ा खुलासा

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/madhya-pradesh/bhopal/nhrc-entry-in-bhopal-love-jihad-case-team-will-investigate-2-days-said-hindu-girl-students-exploited-invste-mp-news/articleshow/121165966.cms

Edited by संजय चतुर्वेदी | आईएएनएस14 May 2025, 8:11 pm

Subscribe

Bhopal Love Jihad Case: भोपाल में हिंदू लड़कियों के साथ हुए लव जिहाद मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इसमें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का बड़ा बयान सामने आया है। एनएचआरसी के प्रियांक कानूनगो ने कहा कि जानबूझकर हिंदू लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है। एनएचआरसी की टीम जांच करने भोपाल आई है।

भोपालः मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लव जिहाद का हैरान करने वाला मामला सामने आया था। इसमें जांच शुरू होने के बाद आए दिन चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एंट्री हुई है। टीम भोपाल पहुंचकर 2 दिन जांच करेगी। एनएचआरसी के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने बुधवार को एक गंभीर बात कही। उन्होंने कहा कि भोपाल में हिंदू लड़कियों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके साथ यौन शोषण किया जा रहा है।

दरअसल, भोपाल में कुछ सप्ताह पहले लव जिहाद का भंडाफोड़ हुआ था। जिसमें हाई प्रोफाइल रैकेट की भूमिका सामने आई थी। अब इस मामले जांच करने के लिए मानव अधिकार आयोग की टीम भोपाल आई है। लव जिहाद के मामले में एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज की लगभग छह छात्राओं ने शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम समुदाय के एक समूह ने उनका यौन शोषण किया है।

भोपाल पहुंची एनएचआरसी टीम

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने कहा कि हमें संगठित अपराध के एक गंभीर मामले की जानकारी मिली है। इसमें तस्करी शामिल है, जिसमें खास तौर पर हिंदू छात्राओं को निशाना बनाया गया, उन्हें नशीला पदार्थ दिया गया और रैगिंग की आड़ में बहका कर यौन शोषण किया गया।

वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

कानूनगो ने आगे कहा उनके वीडियो रिकॉर्ड किए गए। बाद में उनका इस्तेमाल ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के लिए किया गया। यह शिकायत मिली थी, हमारी टीम इस पूरे मामले की जांच करेगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन को लेकर कोई फंड कर रहा होगा, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

बढ़ सकती है पीड़िताओं की संख्या

कानूनगो ने बताया कि अभी तक छह पीड़ित लड़कियों ने शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन पीड़ितों की संख्या और भी बढ़ सकती है। कानूनगो ने कहा, 'एनएचआरसी पीड़ितों और उनके माता-पिता से अनुरोध करेगा कि वे शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आएं। उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

कानूनगो ने आगे कहा कि कई ऐसे पहलू हैं जिनकी जांच करने की जरूरत है। NHRC की टीम अगले दो दिनों में पूरी बात स्पष्ट कर देगी। इस बीच, उन्होंने भोपाल पुलिस पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि स्थानीय पुलिस स्टेशन कॉलेज से मुश्किल से 500 मीटर की दूरी पर है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस पर साधा निशाना

कानूनगो ने कहा कि शहर में अपराध हो रहा था, लेकिन भोपाल पुलिस चुपचाप बैठी रही। मुझे यह भी संदेह है कि पुलिस ने जांच के दौरान कुछ सबूत नष्ट कर दिए। हम इसकी पूरी तरह से जांच करेंगे और अगले दो दिनों में एक ठोस रिपोर्ट लेकर आएंगे।

गौरतलब है कि कुछ हफ्ते पहले इस चौंकाने वाली घटना के सामने आने के बाद, मध्य प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया था। साथ ही अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पहचान छिपाकर और वीडियो बनाकर छात्राओं का बलात्कार किया और उन्हें ब्लैकमेल किया। इस मामले के मुख्य आरोपी, फरहान अली को 3 मई को भोपाल में गिरफ्तार किया गया था।

Janta Se Rishta

हिंदू छात्राओं का यौन शोषण किया जा रहा है: NHRC

https://jantaserishta.com/local/madhya-pradesh/hindu-girl-students-sexually-exploited-says-nhrc-4012396

May 14, 2025

Bhopal भोपाल : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने बुधवार को कहा कि भोपाल में हिंदू लड़कियों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है और उनका यौन शोषण किया जा रहा है।कानूनगो की यह टिप्पणी भोपाल में कथित लव जिहाद के एक हाई-प्रोफाइल रैकेट की पृष्ठभूमि में आई है, जिसका कुछ सप्ताह पहले भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की करीब आधा दर्जन छात्राओं ने शिकायत की थी कि मुस्लिम समुदाय के एक समूह द्वारा उनका यौन शोषण किया गया।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर एनएचआरसी की एक टीम मामले की जांच करने के लिए भोपाल पहुंची, उन्होंने कहा कि एनएचआरसी की टीम भोपाल में दो दिनों तक जांच करेगी।उन्होंने कहा कि आधा दर्जन पीड़ितों ने शिकायत की है, लेकिन पीड़ितों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

कानूनगो ने आईएएनएस से कहा, "एनएचआरसी पीड़ितों और उनके अभिभावकों से अनुरोध करेगा कि वे शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आएं, जबकि उनकी पहचान उजागर नहीं की जाएगी। हमें शिकायत मिली थी और प्रारंभिक जांच में पता चला कि हिंदू छात्राओं को निशाना बनाया जा रहा था और उनका यौन शोषण किया जा रहा था। आरोपी व्यक्तियों ने न केवल उनका यौन शोषण किया, बल्कि वीडियोग्राफी भी की, नशा परोसा और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया।" यह भी पढ़ें - हीटवेव पर एनएचआरसी की राज्यों को सलाह कानूनगो ने आगे कहा कि ऐसे कई पहलू हैं जिन पर जांच की जानी चाहिए, उन्होंने कहा कि एनएचआरसी की टीम अगले दो दिनों में पूरी बात स्पष्ट कर देगी। इस बीच, उन्होंने भोपाल पुलिस पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि स्थानीय क्षेत्र का पुलिस स्टेशन कॉलेज से मुश्किल से 500 मीटर की दूरी पर स्थित है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह भी पढ़ें - एनएचआरसी ने पहलगाम हमले की निंदा की, निर्दोष नागरिकों की हत्याओं से 'बहुत व्यथित'

उन्होंने कहा, "शहर में अपराध बढ़ रहे थे, लेकिन भोपाल पुलिस चुपचाप बैठी रही। मुझे यह भी संदेह है कि पुलिस ने अपनी जांच के दौरान कुछ सबूत नष्ट कर दिए हैं। हम इसकी गहन जांच करेंगे और अगले दो दिनों में एक ठोस रिपोर्ट पेश करेंगे।"

गौरतलब है कि कुछ सप्ताह पहले इस चौंकाने वाली घटना के सामने आने के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी।अब तक पांच आरोपियों को पहचान छिपाकर छात्राओं से कथित तौर पर बलात्कार करने और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।इस मामले के मुख्य आरोपी फरहान अली को 3 मई को भोपाल से गिरफ्तार किया गया था।

News Nation

प्रियंक कानूनगो ने भोपाल लव जिहाद मामले में कहा, `जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, कार्रवाई होगी’

https://www.newsnationtv.com/--20250514093624/

IANS | 14 May 2025 10:05 IST

भोपाल,14 मई (आईएएनएस)। मध्यप्रदेश के भोपाल में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां हिंदू छात्राओं को टारगेट कर पहले उनका यौन शोषण किया गया। वीडियो बनाकर ब्लैकमेल और फिर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव डाला गया। लव जिहाद के मामले में जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम भोपाल पहुंच चुकी है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने बताया कि हमारी टीम जांच के लिए पहुंची है अगले दो दिन हम जांच करेंगे, जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कहा, हमें संगठित अपराध के एक गंभीर मामले की जानकारी मिली है। इसमें तस्करी शामिल है, जिसमें खास तौर पर हिंदू छात्राओं को निशाना बनाया गया, उन्हें नशीला पदार्थ दिया गया और रैगिंग की आड़ में बहका कर यौन शोषण किया गया। उनके वीडियो रिकॉर्ड किए गए और बाद में उनका इस्तेमाल ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के लिए किया गया। यह शिकायत मिली थी, हमारी टीम इस पूरे मामले की जांच करेगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन को लेकर कोई फंड कर रहा होगा, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

इससे पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी थी किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, “भोपाल में रेगिंग के नाम पर लक्षित कर हिंदू छात्राओं को ग्रूम करके यौन शोषण करने और अश्लील वीडियो बना कर धर्मांतरण के लिए ब्लैकमेल करने के लोमहर्षक कांड की शिकायत की जांच करने के लिए मेरे द्वारा दिए गए निर्देश के आधार पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जांच टीम भोपाल पहुंच गई है। टीम अगले 2 दिन तथ्यों की जांच करेगी। इस मामले में कोई भी पीड़ित अथवा सजग नागरिक यदि कोई जानकारी देना चाहें तो दे सकते हैं।“ बता दें कि भोपाल के एक निजी कॉलेज में छात्राओं के साथ लव जिहाद और गैंगरेप का मामला सुर्खियों में है। 18 अप्रैल को इस मामले में एक पीड़िता की शिकायत पर खुलासा हुआ। इसके बाद से लगातार खुलासे हो रहे हैं। आरोप है कि कॉलेज में 6 मुस्लिम लड़कों ने एक गिरोह बनाया हुआ था, जो हिंदू लड़कियों को पहले अपने प्रेमजाल में फंसाते थे, फिर उनका रेप कर वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल कर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव डालते थे।

--आईएएनएस

डीकेएम/केआर

डिस्क्लेमरः यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.

BANSAL NEWS, Online, 15.5.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Bansal News

Bhopal Love Jihad Case Update: मानवाधिकार आयोग की टीम ने पुलिस की अधूरी जांच पर उठाए सवाल, कॉलेज, क्लब 90 भी जाएगी टीम

भोपाल के निजी कॉलेज में लव जिहाद, रेप और ब्लैकमेलिंग के मामले के मुख्य आरोपी फरहान खान को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर इस मामले में राष्ट्रीय मानव आयोग की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है।

https://bansalnews.com/bhopal-love-jihad-hindu-girls-gang-rape-blackmailing-case-wks/

by sanjay warude | May 14, 2025-11:22 AM

हाइलाइट्स

लव जिहाद रेप व ब्लैकमेलिंग केस में 6 आरोपी

राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने जांच पूरी

अब राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की जांच

Bhopal Hindu Girl Students Love Jihad Rape Case Update: भोपाल के एक निजी कॉलेज (Private College) में सामने आए लव जिहाद और रेप केस में आरोपी फरहान खान (Farhan Khan) को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत (judicial custody) में भेज दिया है। साथ ही अब मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission) की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय आयोग की टीम ने पुलिस की शुरूआती जांच पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम को जांच में पुलिस कार्रवाई में कुछ कमियां मिली हैं। आयोग की टीम ने पुलिस की शुरूआती जांच पर सवाल उठाए। जांच टीम ने कहा कि मामले की जांच अधूरी है। टीम 2 दिन तक राजधानी में जांच करेगी। निजी कॉलेज (Private College), कल्ब 90 (Club 90) भी जाएगी। आयोग की जांच में जो सामने आएगा उस आधार नई एफआईआर (FIR) भी दर्ज की जा सकती है।

आरोपियों को हुई फंडिंग के सोर्स की जांच होगी

आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो (Priyank Kanungo) ने मदरसों (Madrasa) के भूमिका पर भी सवाल उठाए। कानूनगो बोले बगैर फॉरेंसिक जांच और सबूत इकट्ठा किए निर्माण को ढहा देना पागलपन। आरोपियों का बैक ग्राउंड और उनके परिवार से पूछताछ नहीं की गई। आरोपी जिस तरह की लग्जरी लाइफ जीते थे महंगी गाड़ियां यूज करते थे, इनके पीछे कौन है। आयोग की टीम आरोपियों को हो रही फंड़िग और इसके सोर्स की तह तक पहुंचने की कोशिश करेगी।

VC से हुई आरोपी फरहान की पेशी

आरोपी फरहान की 13 मई को न्यायिक हिरासत पूरी हो गई थी। उसे कोर्ट में पेश किया जाना था, लेकिन पॉक्सो कोर्ट (poxo court) की जज नीलम मिश्रा (Judge Neelam Mishra) छुट्टी पर थीं, इसलिए पेशी

विशेष न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी (Special Judge Pallavi Dwivedi) की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (Video Conferencing) के जरिए कराई गई। कोर्ट ने उसे 26 मई तक जेल भेजने का आदेश दिया है।

पॉक्सो एक्ट में भी चल रहा केस

फरहान पर नाबालिग (minor) से रेप (Rape) और ब्लैकमेलिंग (Blackmailing) जैसे संगीन आरोप हैं, इसलिए पॉक्सो एक्ट के तहत भी उस पर केस चल रहा है। इससे पहले, बागसेवनिया पुलिस (Bagsevania Police) की पूछताछ के बाद, उसे 30 अप्रैल को हिरासत में भेजा गया था।

मानवाधिकार आयोग की टीम भोपाल में

दिल्ली (Delhi) से आई राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission) की टीम मंगलवार शाम भोपाल (Bhopal) पहुंच गई है। टीम के सदस्य प्रियंक कानूनगो (Priyank Kanungo) ने बताया कि वे बुधवार और गुरुवार को कई पहलुओं पर जांच करेंगे। टीम यह भी देखेगी कि आरोपियों को कहां से फंडिंग (funding) मिल रही थी, इसकी जांच में पुलिस कितनी आगे बढ़ी है।

केस का छठवां आरोपी अब भी फरार

अशोका गार्डन पुलिस (Ashoka Garden Police) 6 मई को मुख्य आरोपी फरहान खान (Farhan Khan), नबील खान (Nabeel Khan) और अली (Ali) को जेल भेजे चुकी है। जहांगीराबाद पुलिस (Jahangirabad Police) ने आरोपी साहिल और साद से पूछताछ की। अबरार अब तक फरार चल रहा है।

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

DAINIK BHASKAR, Online, 15.5.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Dainik Bhaskar

लव-जिहाद:मानवाधिकार आयोग ने फंडिंग पर SIT से लिया अपडेट

https://www.bhaskar.com/local/mp/bhopal/news/human-rights-commission-took-update-from-sit-on-funding-135028684.html

भोपाल3 घंटे पहले

भोपाल में कॉलेज छात्राओं से सामने आए लव-जिहाद मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने शुरू कर दी। बुधवार को इस केस की तीनों एसआईटी को बुलाया गया। आयोग के सदस्यों ने इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (आईओ) से अब तक हुई जांच का अपडेट लिया। पीड़िताओं से भी बात करने की जानकारी सामने आ रही है। आरोपियों के पास से महंगी बाइक और महंगे गैजेट्स बरामद हुए थे।

पुलिस ने फंडिंग वाले एंगल पर भी जांच की। इसमें अब तक क्या सामने आया। इसकी जानकारी भी पुलिस अधिकारियों से ली गई। आयोग की टीम गुरुवार तक शहर में है। उधर इस मामले में फरार छठवां आरोपी अबरार अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

Deccan Chronicle

Anudeep Durishetty Orders Magisterial Probe Into Convict’s Death In Hyderabad

https://www.deccanchronicle.com/southern-states/telangana/anudeep-durishetty-orders-magisterial-probe-into-convicts-death-in-hyderabad-1878763

M Srinivas | 14 May 2025 12:34 PM IST

The convict died while undergoing treatment at Gandhi hospital on March 19, 2025.

Hyderabad: Hyderabad Collector Anudeep Durishetty has ordered a magisterial probe into the death of convict Dana Sani Mallesh alias Podium Mallesh while undergoing treatment at Gandhi hospital on March 19, 2025.

The National Human Rights Commission (NHRC) Deputy Registrar has informed that the Commission has received intimation regarding the custodial death of 37-year-old Sani Mallesh, who was the prisoner 7078, at the Gandhi hospital.

The G.O.Ms.No.51 Home department dated February 2, 2003 stipulates that in case of death of an undertrial prisoner or one serving sentence, even in a hospital, the inquest, postmortem, and a magisterial inquiry has to be done.

As per the government order, the Hyderabad Collector ordered a magisterial inquiry.

Janta Se Rishta

अनुदीप दुरीशेट्टी ने Hyderabad में दोषी की मौत की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए

https://jantaserishta.com/local/telangana/anudeep-durishetty-orders-magisterial-probe-into-death-of-convict-in-hyderabad-4011845

Triveni14 May 2025 3:55 PM

Hyderabad हैदराबाद: हैदराबाद Hyderabad कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी ने 19 मार्च, 2025 को गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान दोषी दाना सानी मल्लेश उर्फ पोडियम मल्लेश की मौत की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के डिप्टी रजिस्ट्रार ने बताया है कि आयोग को गांधी अस्पताल में कैदी 7078 37 वर्षीय सानी मल्लेश की हिरासत में मौत के बारे में सूचना मिली है। गृह विभाग के 2 फरवरी, 2003 के जीओएम संख्या 51 में यह प्रावधान है कि अस्पताल में भी विचाराधीन कैदी या सजा काट रहे कैदी की मौत के मामले में जांच, पोस्टमार्टम और मजिस्ट्रेट जांच की जानी चाहिए। सरकारी आदेश के अनुसार, हैदराबाद कलेक्टर ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

The Statesman

NHRC issues notice to Odisha and Jharkhand governments over tribal land rights

Acting on a petition filed by human rights lawyer Radhakanta Tripathy, the NHRC passed the order and asked the Chief Secretaries of both states to submit the report expeditiously within 15 days.

https://www.thestatesman.com/india/nhrc-issues-notice-to-odisha-and-jharkhand-governments-over-tribal-land-rights-1503432696.html

Statesman News Service | Bhubaneswar | May 14, 2025 8:46 pm

The tribal land alienation in Odisha and Jharkhand and its debilitating impact on the tribal settlers has come under the National Human Rights Commission (NHRC)'s scanner, with the apex rights panel seeking an Action Taken Report (ATR) from the governments of both the neighbouring states.

Acting on a petition filed by human rights lawyer Radhakanta Tripathy, the NHRC passed the order and asked the Chief Secretaries of both states to submit the report expeditiously within 15 days.

The complainant had drawn attention to the issue of systemic exploitation through manipulation of land records, deforestation, and large-scale displacement due to development projects, which, according to the petition, have stripped tribal communities of their primary livelihoods, cultural heritage, and legal land rights.

The petitioner sought meaningful rehabilitation for affected tribal communities, impacted by the governmental measures.

"The Commission is of the considered view that the allegations levelled in the complaint are serious violations of the human rights of the victims," NHRC observed in the order.

The petitioner also requested the NHRC to make a comprehensive survey, research, and recommendations to the government on the issues of internally displaced persons.

The petitioner further requested the NHRC to enact a national law on displacements and tribal land alienation to address various categories of displacements and to ensure the implementation of tribal policies in India.

Free Press Journal

Mumbai Crime News: Govandi Residents Seek Judicial & Departmental Inquiry After Senior Shivaji Nagar Officer Is Held For Bribery

In a major crackdown on corruption within the police force, Mumbai ACB arrested Sr.PI Bapurao Madhukar Deshmukh (57), head of the Shivaji Nagar police station, on Tuesday night. He was caught red-handed accepting a bribe of Rs 1 lakh from a school trustee at the police station.

https://www.freepressjournal.in/mumbai/mumbai-crime-news-govandi-residents-seek-judicial-departmental-inquiry-after-senior-shivaji-nagar-officer-is-held-for-bribery

Dhairya Gajara Updated: Wednesday, May 14, 2025, 03:31 PM IST

Mumbai: The residents of Govandi have demanded a judicial and departmental investigation into an alleged systematic corruption at Shivaji Nagar police station after its senior inspector, Bapurao Madhukar Deshmukh, was arrested by the Anti-Corruption Bureau (ACB) for accepting a bribe on Tuesday.

About The Case

In a major crackdown on corruption within the police force, Mumbai ACB arrested Sr.PI Bapurao Madhukar Deshmukh (57), head of the Shivaji Nagar police station, on Tuesday night. He was caught red-handed accepting a bribe of Rs 1 lakh from a school trustee at the police station. This amount was reportedly part of a bigger bribe amount of Rs 2.5 lakh that he had allegedly demanded for providing police protection and assistance in a legal matter.

Concerned Citizens of Govandi, a citizens' action group, has demanded a thorough investigation into the Shivaji Nagar police station's working during Deshmukh's tenure. Residents alleged that several offences were lodged falsely or selectively, influenced by bribes or personal gain. Innocent citizens were allegedly harassed, falsely implicated, and denied fair trial rights, leading to serious violations of the right to equality and the right to life, alleged the citizens.

On Wednesday, the residents wrote to the Mumbai Police Commissioner, Maharashtra Home Department, Director General of ACB, National Human Rights Commission, Registrar (Judicial) of the Hon'ble Bombay High Court, and the Lokayukta highlighting multiple demands. They demanded a thorough forensic audit of Deshmukh's call detail records (CDRs), WhatsApp logs, financial assets, and all communication with subordinate officers. They also sought a complete legal review of all FIRs registered during his tenure and discharge proceedings for victims of wrongful prosecution.

The citizens emphasised the urgent need for CCTV surveillance with audio-video recording at every operational point in the police station, weekly surprise audits by senior IPS officials, annual integrity audits for officers in high-sensitivity areas, and public disclosure of investigation findings under the RTI Act. They have also demanded that the

corrupt proceeds should be recovered and transferred to the Maharashtra Police Welfare and Infrastructure Development Fund.

Shaikh Faiyaz Alam of the citizens' group said, "This incident has sent shockwaves across the local community. This incident has exposed what citizens believe to be a deep-rooted system of corruption, extortion, and institutional failure within the local policing mechanism. This case highlights not just individual misconduct but a structural collapse of public trust in the law enforcement system. We demand urgent, transparent, and accountable action to restore faith in democratic policing."

Oneindia

MP News: हेमंत कटारे ने भूपेंद्र सिंह को क्यों बताया `सबसे डरा हुआ नेता',जानिए, मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप

https://hindi.oneindia.com/news/madhya-pradesh/hemant-katare-called-bhupendra-singh-bjp-scared-leader-in-mp-allegation-of-human-rights-violation-1293647.html

By Laxminarayan Malviya

Published: Wednesday, May 14, 2025, 14:22 [IST]

मध्य प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर तूफान खड़ा हो गया है। अटेर से कांग्रेस विधायक और विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने खुरई विधायक व पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह पर सनसनीखेज हमला बोला है। भोपाल में अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कटारे ने भूपेंद्र को 'मध्यप्रदेश का सबसे डरा हुआ नेता' करार देते हुए उन पर मानवाधिकार उल्लंघन और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए।

यह मामला 12 साल के मासूम मानस शुक्ला के साथ हुई त्रासदी से जुड़ा है, जिसका हाथ भूपेंद्र के भतीजे लखन सिंह के अवैध क्रेशर के पास हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से कट गया। कटारे का दावा है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के बार-बार निर्देश देने के बावजूद भूपेंद्र और उनके भतीजे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे पीड़ित की मदद करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता पर FIR दर्ज कर दी गई। यह प्रकरण अब विधानसभा से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंचने की राह पर है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मानस की दर्दनाक दास्तां

भोपाल में हेमंत कटारे के आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सागर जिले के बारदा गांव निवासी 12 साल का मानस शुक्ला और खुरई के कांग्रेस नेता अंशुल परिहार मौजूद थे। मानस ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा, "1 जनवरी 2025 को मैं और मेरे 5-6 दोस्त गांव से 2 किलोमीटर दूर चल रही भागवत कथा की जल यात्रा में शामिल होने गए थे। वापसी में हमें भूपेंद्र सिंह और लखन सिंह के अवैध क्रेशर के पास लगे गिट्टी के ढेर से होकर गुजरना पड़ा। ढेर पर चढ़ते वक्त मेरा हाथ ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। मैं बेहोश हो गया। मेरे दोस्तों ने पापा को बुलाया। बीना अस्पताल से मुझे सागर रेफर किया गया, फिर एम्स भोपाल में मेरा हाथ काटना पड़ा। डॉक्टरों ने कहा, अगर हाथ नहीं काटा तो जान का खतरा है।"

मानस ने आगे कहा, "पांच महीने बीत गए, लेकिन भूपेंद्र सिंह और लखन सिंह पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस उनका साथ दे रही है। बीना थाने में दो महीने तक मेरी FIR नहीं लिखी गई। पापा ने घर के जेवर और जमीन गिरवी रखकर मेरा इलाज कराया। भूपेंद्र ने कभी हमसे मुलाकात नहीं की, न हाल पूछा। उल्टे, मेरी मदद करने वाले अंशुल भैया और उनके पिता पर FIR करा दी।"

कटारे का हमला 'भूपेंद्र डरे हुए नेता, पुलिस के पीछे छिपते हैं'

हेमंत कटारे ने भूपेंद्र सिंह पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, "मानस का हाथ कट गया, उसका जीवन बर्बाद हो गया, लेकिन भूपेंद्र सिंह और उनके परिवार ने उसकी सुध नहीं ली। NHRC ने पांच महीनों में चार बार पत्र लिखकर भूपेंद्र और लखन सिंह पर कार्रवाई के निर्देश दिए। 8 अप्रैल को कलेक्टर और SP को तलब

किया, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे साफ है कि खुरई में भारतीय न्याय संहिता नहीं, 'भारतीय षडयंत्र संहिता' चल रही है।"

कटारे ने भूपेंद्र को 'सबसे डरा हुआ नेता' बताते हुए कहा, "जब खुरई के कांग्रेस कार्यकर्ता अंशुल परिहार ने मानस की मदद के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की, तो भूपेंद्र ने नाराज होकर न केवल अंशुल, बल्कि उनके बुजुर्ग पिता पर भी 15 साल पुराने मामले में FIR दर्ज करा दी। यह साबित करता है कि भूपेंद्र हर संकट में पुलिस के पीछे दुबक जाते हैं। अगर हिम्मत है, तो मानस के परिवार से मिलें, उनकी मदद करें।"

Hemant Katare: NHRC की सख्ती, फिर भी कार्रवाई नहीं

कटारे ने बताया कि NHRC ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने चार बार पत्र लिखकर भूपेंद्र सिंह और लखन सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। 8 अप्रैल 2025 को सागर के कलेक्टर और SP को तलब किया गया, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। कटारे ने आरोप लगाया, "भूपेंद्र सिंह सत्ता के रसूख से पुलिस और प्रशासन पर दबाव डाल रहे हैं। NHRC की सख्त टिप्पणियों से डरकर वे पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बना रहे हैं।"

अंशुल पर FIR, 'सच बोलने की सजा'

कटारे ने अंशुल परिहार पर दर्ज FIR को 'सच बोलने की सजा' करार दिया। अंशुल ने खुरई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भूपेंद्र के अवैध क्रेशर और मानस की त्रासदी को उजागर किया था। इसके जवाब में भूपेंद्र ने अंशुल और उनके पिता पर FIR दर्ज करा दी। कटारे ने तंज कसते हुए कहा, "भूपेंद्र सिंह कौन-सी तोप हैं कि उनके खिलाफ बोल नहीं सकते? हम सौ बार बोलेंगे। यह मध्यप्रदेश है, कोई तानाशाही नहीं।"

मानस का परिवार, 'गरीब को कुचलने की साजिश'

मानस के पिता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, "मैं हर महीने भूपेंद्र सिंह के घर गया। मुझे तीन-चार घंटे बिठाकर कहा गया कि 'भैया कहीं गए हैं।' पांच महीने में उन्होंने एक बार फोन तक नहीं किया। वे सोचते हैं कि हम गरीब हैं, हमारा क्या बिगाड़ लेंगे। मेरी जमीन और जेवर बिक गए, लेकिन न्याय नहीं मिला।" मानस ने भारत सरकार से मांग की, "हमें इंसाफ चाहिए। भूपेंद्र और लखन सिंह पर कार्रवाई हो।"

Hemant Katare: कटारे की चेतावनी, 'हाईकोर्ट और विधानसभा में उठेगा मुद्दा'

कटारे ने इस मामले को विधानसभा और हाईकोर्ट तक ले जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "मैं मांग करता हूं कि NHRC के निर्देशों के मुताबिक भूपेंद्र और लखन सिंह पर कार्रवाई हो। अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करती, तो हम विधानसभा में यह मुद्दा उठाएंगे। हम हाईकोर्ट में रिट दायर करेंगे। कोई कानून नहीं कि प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज हो।"

कटारे ने अंशुल और मानस से कहा, "न्यायालय जाएं, मैं आपकी मदद करूंगा। पुलिस और अफसरों को चेतावनी देता हूं कि आपके गलत कारनामों का दंड आज नहीं तो कल मिलेगा।"

भूपेंद्र सिंह की चुप्पी

वन इंडिया हिंदी ने भूपेंद्र सिंह का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि भूपेंद्र इस मामले पर जल्द बयान दे सकते हैं। कुछ BJP नेताओं ने इसे 'कांग्रेस की सियासी चाल' करार दिया।

कानूनी और नैतिक सवाल

NHRC के निर्देश: आयोग ने चार बार पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। सागर प्रशासन की चुप्पी क्या सत्ता के दबाव को दर्शाती है?

FIR का दुरुपयोग: अंशुल और उनके पिता पर दर्ज FIR को कटारे ने 'बदले की कार्रवाई' बताया। क्या यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है?

अवैध क्रेशर: लखन सिंह का क्रेशर अवैध रूप से चल रहा था। क्या प्रशासन इसकी जांच करेगा?

मानस का भविष्य: एक हाथ खो चुके मानस के इलाज और पुनर्वास के लिए सरकार क्या करेगी?

पृष्ठभूमि: भूपेंद्र सिंह का विवादों से नाता

भूपेंद्र सिंह मध्यप्रदेश की राजनीति में दिग्गज नाम हैं। पूर्व गृहमंत्री और परिवहन मंत्री रह चुके भूपेंद्र खुरई से लगातार विधायक हैं। लेकिन उनका नाम विवादों से भी जुड़ा रहा है:

जनवरी 2025: हेमंत कटारे ने भूपेंद्र पर RTO घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगाया था।

मई 2025: अंजना मामले में उनकी भूमिका की जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट में उठी।

आगे क्या?

कानूनी लड़ाई: कटारे ने हाईकोर्ट में रिट दायर करने की बात कही। अगर मामला कोर्ट पहुंचा, तो भूपेंद्र और लखन सिंह पर दबाव बढ़ेगा।

विधानसभा में हंगामा: आगामी सत्र में कांग्रेस इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी।

NHRC की कार्रवाई: अगर प्रशासन जवाब नहीं देता, तो आयोग सख्त कदम उठा सकता है, जैसे अधिकारियों पर जुर्माना या जांच।

सियासी जंग: यह मामला BJP और कांग्रेस के बीच नई सियासी जंग छेड़ सकता है, खासकर सागर और खुरई में।